हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 12 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 35.9 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

9 अपनी सांस्कृतिक धरोहर को खो रहे ...



10 स्वास्थ्य एवं शिक्षा विषय समिति ने महिला...



## खबर संक्षेप



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद मैकेनिकल वर्कर्स।

### मंत्री के आवास का घेराव करेंगे पीडब्ल्यूडी वर्कर

**सोनीपत।** पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ सिंचाई शाखा की बैठक जुआं झाल पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान नीरज लाकड़ा ने की जबकि संचालन प्रदीप नैन ने किया। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान देशराज नैन और ओमप्रकाश मलिक बतौर वक्ता मौजूद रहे। नीरज लाकड़ा ने कहा कि 13 को पूरे प्रदेश के कर्मचारी अपनी मांगों को मनवाने के लिए हिसार में पब्लिक हेल्थ, मंत्री रणबीर गंगवा के आवास का घेराव करेंगे।

### आज सुझाव, सुधार और समाधान को होगी बैठक

**सोनीपत।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, सड़कों से रुकावटें दूर करने, जाम की समस्या से निजात दिलाने और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करने वाले जिम्मेदार नागरिकों को जिला और राज्य स्तर पर प्रशंसा पत्र प्रदान किए जाएंगे। सड़क सुरक्षा संगठन के संदीप बतरा ने बताया कि जिम्मेदार नागरिकों से सुझाव, सुधार और समाधान प्राप्त करने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक का आयोजन 12 सितम्बर को प्रातः 11:30 बजे थाना शहर सोनीपत स्थित सहायक आयुक्त यातायात कार्यालय में होगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत, केस

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के बाघड़ू तिहाड़ गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में 42 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान धर्मवीर सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, धर्मवीर पिछले 7-8 महीने से बीमार चल रहा था। मौत के बाद मृतक के भतीजे रविंद्र ने इस मामले में बयान दर्ज कराए।

### मुंह से खोली थी स्प्रे की बोतल, अस्पताल में मौत

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र के गांव जैनपुर टिकौला स्थित खेत में स्प्रे करते समय युवा किसान ने मुंह से बोतल खोलने से संदिग्ध हालत में बेहोश हो गया। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। गांव जैनपुर टिकौला निवासी उज्जवल (24) खेती बाड़ी का काम करता है। वह गत 26 अगस्त को खेत में स्प्रे करने के लिए चला गया। जहां स्प्रे करने से पहले कीटनाशक की बोतल का ढक्कन मुंह से खोला। कुछ देर बाद उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई। 10 व 11 की रात को उपचार के दौरान मौत हो गई।

## ब्राइट स्कॉलर स्कूल ने बाढ़ पीड़ितों को पहुंचाई सहायता



सोनीपत। गुरुद्वारे में राहत सामग्री लेकर पहुंचे स्कूल के विद्यार्थी एवं अन्य।

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए एक दान अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया। हमारे छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों, प्रधानाचार्य और प्रबंधन की पूर्ण भागीदारी से, स्कूल समुदाय जरूरतमंदों के लिए आवश्यक राहत सामग्री एकत्र करने के लिए एकजुट हुआ। एकत्रित सभी सामग्री सेक्टर-15 गुरुद्वारा साहिब को सौंपी गई, जो पंजाब के प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री भेजने में सक्रिय रूप से शामिल है।

## शहर में लगभग सभी आधार कार्ड केंद्र 20 दिनों से बंद

**गन्नौर।** शहर में आधार कार्ड केंद्र पिछले 15 से 20 दिनों से बंद पड़े हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आधार कार्ड बनवाने या उसमें सुधार करवाने के लिए लोग रोज नगर पालिका और अन्य कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन निराश होकर लौटना पड़ रहा है। आधार केंद्र नगर पालिका, उपमंडल अस्पताल, बीडीपीओ कार्यालय और तहसील कार्यालय में संचालित होते हैं, मगर लगभग सभी केंद्र बंद होने से लोगों की समस्याएं बढ़ गई हैं। नए आधार कार्ड बनवाने वाले विद्यार्थी, पेंशन और बैंक संबंधी कार्य करवाने वाले वरिष्ठ नागरिक, तथा मोबाइल-आधार लिंक कराने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। लोगों ने इस समस्या को लेकर नगर पालिका सचिव प्रदीप खर्ब से मुलाकात की और जल्द से जल्द केंद्र शुरू करवाने की मांग की। लोगों ने कहा कि अगर समय पर केंद्र चालू नहीं हुए तो उनकी पढ़ाई, सरकारी योजनाओं और बैंकिंग कार्यों पर असर पड़ेगा। इस पर सचिव ने स्पष्ट किया कि आधार कार्ड केंद्र का संचालन नगर पालिका के अधीन नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस संबंध में एडीसी कार्यालय से संपर्क कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और केंद्र जल्द ही चालू करवाने का प्रयास किया जाएगा।



**आधार केदो के चक्कर काट रहे हैं लोग**

गन्नौर। नगर पालिका सचिव प्रदीप खर्ब लोगों को आश्वासन देते हुए।

### अनदेखी: मरम्मत कार्यशैली को लेकर उठे सवाल

# नागरिक अस्पताल में लापरवाही, मरम्मत के दौरान मरीजों पर गिरी छत की सीलिंग

*अफरा-तफरी: दहशत में आकर इधर-उधर भागने लगे लोग*

मरम्मत कार्य के दौरान न तो सुरक्षा बैरिकेड लगाए गए है और न ही हरी पट्टी लगाकर क्षेत्र को बंद किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल में बृहस्पतिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब ओपीडी नंबर 8 के बाहर अचानक छत की सीलिंग टूटकर नीचे गिर गई। यह घटना उस समय हुई जब वहां मरीजों और उनके परिजनों की भीड़ मौजूद थी। सीलिंग गिरते ही लोग दहशत में आकर इधर-उधर भागने लगे। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ, लेकिन कई मरीज और परिजन बाल-बाल बच गए। इस हादसे के बाद मरम्मत कार्य कर रहे ठेकेदार व पीडब्ल्यूडी विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए है।

अस्पताल प्रबंधन ने तुरंत प्रभाव से ओपीडी नंबर-7 व 8 को 19 नंबर में शिफ्ट किया गया। चिकित्सकों ने वहां बैठकर मरीजों का उपचार किया। प्रबंधन की तरफ से पहले रही दंत ओपीडी में दोनों ओपीडी को शिफ्ट करने का फैसला लिया है। बता दें कि नागरिक अस्पताल में पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से बीते कुछ दिनों से मरम्मत का काम चल रहा है। बृहस्पतिवार सुबह जब कर्मचारी ओपीडी नंबर 8 के बाहर काम कर रहे थे, तभी अचानक छत का बड़ा हिस्सा भरभराकर गिर गया।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मरम्मत कार्य के दौरान न तो सुरक्षा बैरिकेड लगाए गए है और न ही हरी पट्टी लगाकर क्षेत्र को बंद किया गया है। इस कारण मरीजों और उनके परिजनों को कार्यस्थल के बिल्कुल नजदीक खड़ा रहना पड़ा। जानकारी मिली कि छत पर मरम्मत का काम चल रहा था। जिसके चलते छत की सीलिंग टूटकर अचानक नीचे गिर गई। जिसके बाद मरीजों में अफरा-तफरी मच गई।



सोनीपत। उखाड़ा गया जिला नागरिक अस्पताल का ओपीडी परिसर।

### हर रोज पहुंचते है दो हजार से ज्यादा मरीज बदलनी पड़ी ओपीडी

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, नागरिक अस्पताल की ओपीडी में रोजाना करीब 2000 से अधिक मरीज इलाज के लिए आते है। इनमें सांस से संबंधित रोग, चर्म रोग, जुकाम, खांसी और मौसमी बुखार के मरीजों की संख्या अधिक रहती है। इतनी बड़ी संख्या में मरीजों की मौजूदगी के बीच बिना सुरक्षा इंतजाम के मरम्मत कार्य कराना सीधे तौर पर उनकी जान को खतरे में डालना है। घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल कदम उठाते हुए फिजिशियन ओपीडी को नंबर 8 से अस्थायी तौर पर हड्डी रोग ओपीडी नंबर-19 में शिफ्ट कर दिया। वही प्रबंधन की तरफ से मरम्मत कार्य के दौरान जो कमरा पहले दंत विशेषज्ञों के लिए निर्धारित था। उसमे सात व आठ ओपीडी को शिफ्ट किया गया है। हाल में 19 नंबर में बदलना सिर्फ एक दिन के लिए किया गया है, ताकि ओपीडी नंबर 8 की सफाई और सुरक्षा जांच पूरी की जा सके।

### ओपीडी में उठती रहती है धूल, मरीज परेशान



शिफ्ट करने के बाद ओपीडी के बाहर लगी भीड़।

घटना से नाराज मरीजों और उनके परिजनों ने पीडब्ल्यूडी विभाग व ठेकेदार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि मरम्मत कार्य को सुरक्षित तरीके से नहीं किया गया। यदि सीलिंग गिरने की घटना थोड़ी देर बाद होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने मांग की कि जब तक मरम्मत कार्य पूरा नहीं हो जाता, तब तक अस्पताल प्रबंधन और पीडब्ल्यूडी विभाग को सुरक्षा इंतजामों में कोई ढिलाई नहीं बरतनी चाहिए। मरम्मत कार्य के दौरान न तो सुरक्षा बैरिकेड लगाए गए है और न ही हरी पट्टी लगाकर क्षेत्र को बंद किया गया है।

### सख्त निर्देश दिए

मरम्मत कार्य केवल मरीजों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर ही किया जाएगा। साथ ही पीडब्ल्यूडी विभाग को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो। जरूरी उपकरणों के साथ काम करने व जरूरी व्यवस्था करने के निर्देश जारी किए गए है, ताकि किसी को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

*-डा. संदीप लठवाल, मीडिया प्रभारी नागरिक अस्पताल।*

### विभाग ने बढ़ाई निगरानी

## जिले में डेंगू व मलेरिया की स्थिति नियंत्रण में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले में डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। बृहस्पतिवार को सेक्टर-7 स्थित पॉलिक्लीनिक में जिला डेंगू अधिकारी डा. आशा सहरावत ने हेल्थ इंस्पेक्टर (एचआई) की बैठक लेकर जरूरी निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने हाई रिस्क क्षेत्रों में विशेष निगरानी बढ़ाने के आदेश दिए और एचआई को लोगों को जागरूक करने तथा डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के मरीजों की पहचान कर समय पर इलाज शुरू कराने के निर्देश दिए। बता दें कि अब तक जिले में डेंगू के 39, मलेरिया के 12 और चिकनगुनिया का एक मरीज सामने आ चुका है। डेंगू के एक मरीज की हालत गंभीर होने पर जिला नागरिक अस्पताल में उपचार चल रहा है। जिला अस्पताल की दूसरी मंजिल पर बने डेंगू लैब में रोजाना 20 से 25 लोगों की डेंगू जांच हो रही है।

### टीम घर-घर जाकर अभियान चला रही



वहीं प्राइवेट लैब में डेंगू जांच का शुल्क 600 रुपये और चिकनगुनिया जांच का शुल्क 100 रुपये तय किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया कि निर्धारित दर से अधिक वसूली करने पर संबंधित लैब संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इसके लिए एचआई की विशेष टीम गठित की गई है, जो जिले की सभी लैबों पर निगरानी रखेगी। डा. आशा सहरावत ने बताया कि जिले में स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। स्वास्थ्य विभाग लगातार निगरानी कर रहा है और लोगों को जागरूक करने के लिए टीम घर-घर जाकर अभियान चला रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे घर के आसपास पानी न जमने दें व बचाव संबंधी सावधानियां बरतें।

## हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा

**कोर्ट ने दो हजार का जुर्माना किया**

**सोनीपत।** सदर गोहाना थाना क्षेत्र में युवक के सिर में ईंट पत्थरों से हमला कर मौत के घाट उतारने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने दोषी मनोज को उम्रकैद की सजा और दो हजार का जुर्माना लगाया है। जुर्माना न अदा करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। बागपत यूपी निवासी इंद्र सिंह ने मुडलाना चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा अनिल कुमार काम की तलाश में गांव चिडाना गया हुआ था। बेटे के साथ मनोज निवासी कैंप पानीपत का है। उसके बेटे के साथ झगड़ा करता है। उसके बेटे से शराब के रुपये मांगता है। 15 मार्च 2022 को मनोज ने अनिल कुमार के साथ झगड़ा कर दिया। उससे रुपये मांगने लगा। न देने पर उसके बेटे पर ईंट-पत्थरों से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। एएसजे नरेंद्र की अदालत ने दोषी मनोज को धारा-302 में दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है।

## एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में सुहाना व एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में निखिलेश बने विश्वविद्यालय टॉपर

### पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन ने बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

पूर्ण मूर्ति कैंपस, कामी रोड के तीन विद्यार्थियों ने दीनबंधु छोटूराम विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल की पहले सेमेस्टर की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है।

पूर्ण मूर्ति कैंपस की छात्रा सुहाना समकारिया ने एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग , छात्र एन. निखिलेश ने एयरोस्पेस इंजीनियरिंग व एमएल नरसिम्हा रितेश ने एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग की पहले सेमेस्टर की परीक्षा में विश्वविद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंध निदेशक कपिल भाटिया, एमडी इंजी. संघदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा. स्वीटी, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप, रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू, एचओडी प्रशांत, डीन अकादमिक संदीप कुमार, कोमल, अपूर्वा, मुकेश, मुस्कान सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने सेमेस्टर परीक्षा में सफलता पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



पहले सेमेस्टर की परीक्षा में विवि व कॉलेज टॉपर बने पूर्ण मूर्ति कैंपस के विद्यार्थी चेयरमैन डा.विजयपाल नैन के साथ।

### नई दिशा, नई उड़ान के तहत किशोरों के अधिकारों पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत द्वारा "नई दिशा, नई उड़ान" अभियान के अंतर्गत किशोरों के अधिकारों पर एक क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सभी थानों की विशेष किशोर पुलिस इकाइयों (एसजेपीयू) के अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू), बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य, संप्रेक्षण गृह व सुरक्षा स्थल के अधीक्षक तथा किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के सदस्य शामिल हुए।

## आधार कार्ड आयु प्रमाण का मान्य दस्तावेज नहीं : न्यायाधीश सुषमा

### जन्म प्रमाणपत्र या विद्यालयी अभिलेख पर आयु सत्यापन करना चाहिए



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किशोर न्याय बोर्ड सोनीपत की प्रधान न्यायाधीश सुषमा, एसीपी सोनीपत निधि नैन उपस्थित रहीं। सुषमा ने प्रतिभागियों को किशोर न्याय अधिनियम के मूलभूत सिद्धांतों से अवगत कराते हुए बताया कि अपराधों को लघु, गंभीर और जघन्य श्रेणी में विभाजित किया गया है। जघन्य अपराधों की स्थिति में प्राथमिकी दर्ज करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यदि 16 से 18 वर्ष आयु वर्ग का किशोर जघन्य अपराध करता है तो अधिनियम की धारा 15 के तहत प्रारंभिक जांच आवश्यक है, ताकि यह आकलन हो सके कि किशोर परिपक्व है या नहीं। परिपक्व पाए जाने पर मामला बाल न्यायालय को भेजा जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कई बार केवल आधार कार्ड के आधार पर किशोरों को वयस्क अपराधियों की तरह जिला कारागार भेज दिया जाता है, जबकि आधार कार्ड आयु प्रमाण का मान्य दस्तावेज नहीं है। पुलिस को जन्म प्रमाणपत्र या विद्यालयी अभिलेख के आधार पर आयु सत्यापन करना चाहिए। इस अवसर पर अनीता शर्मा, चेयरपर्सन सीडब्ल्यूसी, रितु, डीसीपीओ सोनीपत, एलएडीसी सोनीपत सहित अन्य अधिकारी व सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को किशोर न्याय अधिनियम की बारीकियों और उसके सही क्रियान्वयन की दिशा में जागरूक किया।

### सफाई व्यवस्था बहाल करने की मांग

## तहसील के सामने फैली गंदगी, दुकानदार परेशान

**खरखौदा।** तहसील के ठीक सामने एचडीएफसी बैंक व एक्सिस बैंक के साथ-साथ अच्छी खासी मार्केट है। जिसमें कई बड़े दफ्तर और दुकानें हैं।

इन दुकानों से दुकानदारों की आजीविका चलती है, लेकिन इन दुकानों के आगे और बैंक के आगे गंदगी फैली हुई है और नाले का पानी सड़क पर फैल रहा है। ट्रांसफार्मर के पास बिजली के मीटर लगे हुए हैं, लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता नहीं है, जिससे मीटर रीडिंग नहीं हो पा रही है और बिजली बिल अनुमानित आ रहे हैं।

### दुकानदारों की मांग

दुकानदारों की मांग है कि इस एरिया को साफ-सुथरा बनाया जाए, पानी निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की जाएं। सुनील कुमार, मनीष पाराशर, बिजेंद्र, राजेंद्र गनौत्रा, साहिल गनौत्रा, पंकज, जितेंद्र, रोहतास दहिया, राहुल, रमेश (बंटी), पप्पू चाय वाला, हनुमान सैनी, धर्मवीर सैनी, प्रदीप, मित्रा, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, एलआईसी ऑफिस, जियो सेंटर, बालाजी मोटर्स, साहिल, राजेंद्र, अमित और सुरेंद्र सहित विभिन्न दुकानदारों ने मांग की है कि तहसील और एसडीएम ऑफिस के सामने इस तरह के हालात हैं, तो शहर की दुर्दशा का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### गिरोह के तीन सदस्यों को मप्र से गिरफ्तार किया

## डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिला पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो खुद को पुलिस अधिकारी बताकर लोगों को डराता-धमकाता था और उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर भारी रकम ठग लेता था। पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नीरज, कृष्णपाल और भागवत है। पुलिस ने इनके कब्जे से 24 हजार रुपये नकद, तीन मोबाइल फोन और बैंक खातों में जमा 2 लाख 20 हजार रुपये बरामद किए है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।



### ऐसे करते थे ठगी

गत 18 जून को गांव नया बांस निवासी विकास ने साइबर थाना सोनीपत में शिकायत दी कि 5 जून को उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को करोल बाग चौकी नंबर 64 का पुलिसकर्मी सत्य यादव बताते हुए कहा कि विकास का नाम ड्रग्स केस में आया है। आरोपित ने वीडियो कॉल कर नकली एफआईआर की फोटो भी भेजी और धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। भयभीत होकर विकास ने पहले 7,210 रुपये फाइन के रूप में दिए। इसके बाद आरोपित ने लगातार तीन दिनों तक फोन कर रकम बढ़ाते हुए कुल 3,87,410 रुपये ठग लिए। जब उसे करोल बाग थाने बुलाया गया, तब जाकर उसे धोखाधड़ी का पता चला। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और तकनीकी जांच के आधार पर तीनों आरोपितों को मध्यप्रदेश के शिवपुरी से दबोच लिया। आरोपितों से गहन पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

**साइबर अपराध से बचाव के लिए पुलिस की अपील**

पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने लोगों से अपील की कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या मैसेज पर विश्वास न करें और लालच में न आएं। केवल विश्वसनीय वेबसाइट और एप्स का ही उपयोग करें। यदि कोई साइबर अपराध का शिकार होता है तो तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराएं या साइबर हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।

### विधायक कृष्णा गहलावत आज रखेगी आधारशिला

## एक करोड़ 5 लाख में जाखौली से खेवड़ा व झुंडपुर से जाखौली रोड का निर्माण होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राई

विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास की राह को और मजबूत करते हुए 12 सितंबर को आज जाखौली में दो महत्वपूर्ण सड़कों का शिलान्यास किया जाएगा। यह जानकारी विधायक के मीडिया प्रभारी योगेश ने दी। योगेश ने बताया कि काले पुल के पास, झुंडपुर रोड, जाखौली में सुबह 11 बजे विधायक कृष्णा गहलावत नारियल फोड़कर कार्यों की आधारशिला रखेगी। पहली परियोजना जाखौली से खेवड़ा रोड की सड़क पर करीब 64.61 लाख की लागत आएगी। सड़क के निर्माण से लोगों की आवाजाही आसान होगी।



राई। राई हल्का विधायक कृष्णा गहलावत ।

### दूसरी सड़क पर 41.25 लाख खर्च होंगे

दूसरी सड़क जाखौली झुंडपुर रोड से जाखौली पब्सारा रोड के निर्माण पर 41.25 लाख खर्च किए जाएंगे। मीडिया प्रभारी योगेश ने कहा कि हलके के सर्वांगीण विकास के लिए सड़क नेटवर्क को मजबूत बनाना विधायक की प्राथमिकता है।

खबर संक्षेप

## ट्रेडिंग कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**खरखौदा।** फूड ग्रेन डीलर एसोसिएशन से सम्बद्ध आढ़तियों ने विशाल ट्रेडिंग कंपनी और उसके संचालकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है। आरोप है कि कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में आढ़तियों से धान की फसल खरीदी थी, लेकिन 3 करोड़ 89 लाख रुपये से ज्यादा की राशि का भुगतान नहीं किया। आढ़ती दिनेश कुमार, जयकवार, चंद्रभान, जगदीश, दरियाव, वीरेंद्र, मोनिका और संदीप दहिया ने आरोप लगाया कि विशाल ट्रेडिंग कंपनी के संचालक महीपुर निवासी पवन कुमार और उनके पुत्र विशाल हैं।

## विनोबा भावे की 130वीं जयंती मनाई

**गोहाना।** सेक्टर-7 गोहाना स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में गुरुवार को विनोबा भावे की 130वीं जयंती मनाई गई। समारोह में नागरिकों ने विनोबा भावे के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा कि आचार्य विनोबा भावे भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं भूदान आंदोलन के प्रणेता थे। उन्होंने महात्मा गांधी के शिष्य के रूप में अहिंसा का मार्ग अपनाया।

## वैश्विक योग निद्रा उत्सव 14 को मनाया जाएगा

**गन्नौर।** पूज्या आनंदमूर्ति गुरुमां के सानिध्य में ऋषि चैतन्य आश्रम द्वारा भारत के विभिन्न केंद्रो पर 14 सितंबर को तीसरा वैश्विक योग निद्रा उत्सव मनाया जाएगा। वैश्विक योग निद्रा उत्सव में भारत के 50 से अधिक शहरों के अलावा ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दुबई सहित कई देशों लोग सम्मिलित होंगे। इससे पहले 12 सितंबर को ऋषि चैतन्य आश्रम गन्नौर विशेष सत्र होगा, जिसमें पनिपत इंस्टिट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के 300 से अधिक छात्र भाग लेंगे।

## वुशु चैंपियनशिप में अपर्णा ने जीता रजत

**खरखौदा।** ब्राजील में आयोजित 17 वीं वर्ल्ड वुशु चैम्पियनशिप 2025 में प्रताप स्कूल, खरखौदा की प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपर्णा दहिया (52 किग्रा वर्ग) ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए सिल्वर मैडल जीतकर देश, हरियाणा, सोनीपत, अपने गांव सिलाना व अपने स्कूल का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में प्रताप स्कूल के रवि पांचाल ने भी भारत का प्रतिनिधित्व किया। अपर्णा अब तक पांच अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने चीन में आयोजित एशियन वुशु चैम्पियनशिप और ब्रिक्स गेम्स में भी पदक हासिल कर देश और प्रदेश का मान बढ़ाया।

## पुलिस को केएमपी पर मिला युवक का शव

**खरखौदा।** गश्त के दौरान पुलिस को केएमपी पर एक युवक का शव बरामद हुआ है। जिसे अज्ञात वाहन द्वारा कुचल दिया गया था। आशीष नामक व्यक्ति ने सूचना देकर पुलिस को मौके पर बुलाया। सूचना के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सही कारण का पता चल पाएगा।

---

*महिला विवि में दीक्षारम्भ कार्यक्रमः 2025 का आयोजन किया*

# अपनी सांस्कृतिक धरोहर को खो रहे देशवासी, हमें अपनी संस्कार पूरित सांस्कृतिक परम्पराओं को अपनाना होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां में गुरुवार को दीक्षारम्भ कार्यक्रमः 2025 का आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने की जबकि संयोजन छात्रा कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह ने किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी व व्यवसायी पवन जिंदल और विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कारः 2025 से सम्मानित शिक्षिका सुनीता ढुल रहीं। पवन जिंदल ने कहा कि भारत की संस्कृति बहुत श्रेष्ठ है। यह ऋषि मुनि और गुरुओं का देश है। भारत अपने सांस्कृतिक मूल्यों की महता के चलते पहले भी विश्व गुरु था।

### भारत ऋषि मुनियों और गुरुओं का देश : पवन

आज देश के श्रेष्ठ नेतृत्व की वजह से फिर से भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में अग्रसर है। पवन जिंदल ने कहा कि आज भौतिकवाद के युग में एकल परिवारों का क्रेज बढ़ रहा है, जिसकी वजह से समस्याएं भी उतनी ही बड़ी उत्पन्न हो रही हैं। आज का बच्चा संस्कार विहीन होता जा रहा है। परिवार से संस्कार खत्म होते जा रहे हैं जो हमारी धरोहर थी। नैतिक शिक्षा गुरुओं से मिलती थी जो आज खत्म हो रही है। गुरु शिष्य परंपरा श्रेष्ठ परंपरा थी। मां और गुरु सबसे श्रेष्ठ होते थे। अगर हमें फिर से भारत को विश्व गुरु बनाना है तो हमें फिर से अपनी संस्कारपूरित सांस्कृतिक परम्पराओं को अपनाना होगा। कार्यक्रम में छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग द्वारा प्रकाशित वार्षिक गतिविधि पुस्तक का भी विमोचन किया गया। मंच संचालन डॉ. महेश कौशिक ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सह छात्रा कल्याण अधिष्ठाता डॉ. कृतिका दहिया ने किया।



गोहाना। दीप प्रज्वलन कर दीक्षारम्भ कार्यक्रम : 2025 का शुभारम्भ करते पवन जिंदल व कुलपति प्रो. सुदेश।

### विश्वविद्यालय तप और त्याग का जीवंत स्वरूपः प्रो. सुदेश

विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि भगत फूल सिंह विवि कोई सामान्य विवि नहीं है अपितु यह तप, त्याग का जीवंत स्वरूप है। उन्होंने छात्राओं को आश्वस्त किया कि केवल विषय सम्बंधित शिक्षा ही नहीं अपितु संस्कारित व कौशल युक्त शिक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। मंच संचालन डॉ. महेश कौशिक ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सह छात्रा कल्याण अधिष्ठाता डॉ. कृतिका दहिया ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, डीन ऐकडेमिक अफेयर्स प्रो. विजय नेहरा, प्रॉक्टर प्रो. इप्शिता बंसल व डायरेक्टर यूथ वेलफेयर अफेयर्स प्रो. सुषमा जोशी भी मौजूद रहे।

---

*शिवनगरी धनाना में खंभे पर लगाया टेढ़ा इन्सुलेटर*

# बिजली का करंट लगने से मौत का निवाला बन रहे बेजुबां पक्षी


*गुरुवार को तीन कौवे करंट लगने से काल का ग्रास बन गए*

बिजली निगम कर्मचारियों की लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

शिवनगरी धनाना में बिजली की लाइन पर एक प्वाइंट पक्षियों की जान पर भारी पड़ रहा है। बिजली लाइन के खंभे पर इन्सुलेटर सीधे की बजाए टेढ़ा लगाया गया है। ऐसे में वहां पर करंट लगने से काफी पक्षी मौत का निवाला बन चुके हैं। गुरुवार को भी यहां तीन कौवे करंट लगने से काल का ग्रास बन गए। इस दिशा में बिजली निगम को अति शीघ्र संज्ञान लेते हुए समस्या का समाधान करवाए जाने की आवश्यकता है।

क्षेत्र के गांव धनाना में पुराने हथवाला मार्ग के साथ खंभे गाडक़र बिजली की लाइन गुजारी गई है। इस लाइन पर गांव से करीब 600 मीटर की दूरी पर गणेश खाद एवं बीज भंडार के पास खंभे पर बिजली का करंट लगने रोजाना पक्षी मौत का निवाला बन रहे हैं। गुरुवार को भी खंभे के पास तीन कौवे करंट लगने से मौत का निवाला बन गए। पहले भी यहां पर काफी पक्षी करंट लगने से मौत का ग्रास बन चुके हैं। यहां करंट लगने से पक्षियों की मौत का मुख्य कारण बिजली के खंभे पर बीच वाले इन्सुलेटर को सीधे की बजाए टेढ़ा लगाया जाना है। इन्सुलेटर टेढ़ा लगाए जाने से तारों के बीच की दूरी बहुत कम है। ऐसे में जो भी पक्षी यहां तारों पर बैठता है उसकी करंट लगने से मौत हो जाती है।


गोहाना। बिजली के तारों पर लटक रहे मृत कौवे व जमीन पर मृत पड़ा एक पक्षी व खंभे पर ढेढ़ा लगाया गया इन्सुलेटर।



### कौवे करते रहे विलाप

गुरुवार को बारी-बारी से यहां तीन कौवे करंट लगने से काल का ग्रास बन गए। कौवों की मौत होने पर वहां सैकड़ों की संख्या में कौवे एकत्रित हो गए। अपने साथियों की मौत से कौवों का क्रन्दन बहुत ही दर्दनाक था। हादसा स्थल पर घटना के करीब दो घंटे तक कौवे विलाप करते रहे।



---

# ओवरऑल चैंपियन बना ब्राइट स्कॉलर

## सीबीएसई इंटर स्कूल नॉर्थ जोन स्वीमिंग में रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर स्कूल ने सीबीएसई इंटर स्कूल नॉर्थ जोन स्विमिंग चैंपियनशिप में ओवरऑल चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया। यह प्रतियोगिता 5 से 8 सितंबर 2025 तक ऋषिकुल विद्यापीठ स्कूल, सोनीपत में आयोजित हुई, जिसमें अनेक विद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ब्राइट स्कॉलर स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सबसे अधिक पदक जीतकर सभी को पीछे छोड़ दिया। मेडल जीतने वाले छात्रों में अनव मलिक (2 स्वर्ण, 4 रजत), इराज सहरावत (2 स्वर्ण, 3 रजत), युवराज (2 स्वर्ण), सोनित सरोहा (2 स्वर्ण, 1 कांस्य), देवांश कलसन (2 स्वर्ण), अयानवीर खत्री (2 स्वर्ण, 5 रजत), दक्ष राठी (4 रजत, 1 कांस्य), काव्या शर्मा (2 रजत, 1 कांस्य), गौरव (2 रजत), वीर ठाकरान (1 रजत), प्रत्यूष (1 रजत) और विवान खत्री (1 रजत) का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ। इसके अलावा दक्ष खत्री (1 कांस्य), प्रांजल (1 रजत, 4 कांस्य) भी राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुए, जबकि यशिका सहरावत, अंशिका, श्रेया दहिया, दिव्या, अगस्त्य भनवाला, त्रिशा, किआ, ऋतंभरा और सायरा ने 2-2 कांस्य पदक हासिल किए।


सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सम्मानित करती प्राचार्या एवं अन्य।

### छात्राओं को समझाई रेडक्रॉस की समाज कल्याण में भूमिका

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में 10 व 11 सितम्बर को यूथ रेडक्रॉस (आशा ब्रिगेड करुणा की अजेय शक्ति) व रेड रिबन क्लब का ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह व संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी ने बधाई दी। इस बार 62 छात्रों ने स्वयंसेवक के रूप में भाग लिया। डॉ. पूजा गुलाटी ने ऑरिएंटेशन सत्र का संचालन किया और छात्रों को रेडक्रॉस का इतिहास, उद्देश्य व समाज कल्याण में भूमिका समझाई। प्रियांशी व चाहत ने अनुभव साझा किए, जबकि अनु व सलोनी ने क्रमशः कविता व भाषण प्रस्तुत किया। दूसरे दिन डॉ. पूजा गुलाटी, डॉ. नवीन कुमारी व कविता सैनी के नेतृत्व में 26 छात्रों ने गौशाला का दौरा किया और पीएम निक्षय योजना के तहत नागरिक अस्पताल सोनीपत में 21 टीबी रोगियों को किट वितरित की। टीम में वंदना सचदेवा, सोनम राय, डॉ. निहारिका, कविता सैनी सक्रिय रहीं। कार्यक्रम का संचालन स्नेहा व डॉली ने किया। अंत में टीम ने बाबा धाम मंदिर में आशीर्वाद लिया।

## सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत

**खरखौदा।** फिरोजपुर बांगर गांव में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नीरज के भाई रजनीश ने पुलिस को बताया कि नीरज डीटीसी रोहिणी दिल्ली में कार्यरत थे और रोजाना स्कूटी से ड्यूटी पर आते जाते थे। हादसा फिरोजपुर बांगर गांव में एक फैक्टरी के पास हुआ, जहां अज्ञात वाहन ने नीरज की स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के पास सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और गवाहों से पूछताछ कर रही है। नीरज के परिवार में उनकी पत्नी और एक बेटी है। परिवार को इस हादसे से गहरा सदमा लगा है।

---


सोनीपत। अभियान के तहत लोगों को जागरूक करती आशा वर्कर्स।

### भ्रूण हत्या के खिलाफ अभियान जारी


**सोनीपत।** सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने बताया कि आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा भ्रूण हत्या के खिलाफ बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चला रही है। इसके तहत दो जत्थे एक पलवल से और दूसरा सिरसा से निकलकर गांव-गांव और शहर-शहर आम जनता को भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पलवल से चला जत्था 17 सितंबर को झज्जर की ओर से सोनीपत पहुंचेगा। इस दौरान 17 सितंबर को भटगांव, फरमाना, खरखोदा और झरोठ में सभाएं होंगी। 18 सितंबर को जाखौली, गढ़ शाहजहांपुर, चटाना और जूआं में तथा 19 सितंबर को भैंसवाल कलां के स्कूलों, गांव और आवली में सभाएं आयोजित की जाएंगी। तैयारी बैठकों में खरखोदा, फरमाना, झरोठ और भटगांव में अनीता, पूनम, रेखा व प्रमिला जुटी हुई हैं, वहीं जाखौली, गढ़ शाहजहांपुर, चटाना व जूआं में पम्मी, छवि, सुमन और अनीता जिम्मेदारी संभाल रही है।

# राहुल राठी ने राज्यस्तरीय कुश्ती चैंपियनशिप में कब्जाया सोना

- खिलाड़ी द्वारा पदक जीतने पर गांव धनाना में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

राज्यस्तरीय कुश्ती चैंपियनशिप में गांव धनाना के उदीयमान पहलवान राहुल राठी पुत्र प्रदीप राठी के दांव उसके सब प्रतिद्वंद्वियों पर भारी पड़े। राहुल ने चैंपियनशिप में अपने सब प्रतिद्वंद्वियों को पटखनी देकर स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया। इस शानदार प्रदर्शन को लेकर उनके गांव धनाना व रायपुर कुश्ती अखाड़े में खुशी का माहौल है। 10 सितंबर को पानीपत में 58वीं स्कूली राज्यस्तरीय कुश्ती चैंपियनशिप सम्पन्न हुई। चैंपियनशिप में प्रदेश के विभिन्न जिलों से खिलाडियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई।



गोहाना। पदक विजेता राहुल राठी को आशीर्वाद देते हुए उसके मार्गदर्शक।

### खुशी जताई

खेल प्रतिभा प्रदर्शित की। चैंपियनशिप में राहुल राठी ने पहला स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक जीत लिया। राहुल राठी की चचेरी बहन कुमारी संध्या राठी भी राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी हैं। ये दोनों बहन-भाई पहले भी कई बार खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके अपने गांव का नाम रोशन कर चुके हैं। राहुल के इस शानदार प्रदर्शन को लेकर उनकी दादी मूर्ति देवी, चाची सुमन, चाचा प्रदीप राठी व भाई वंश ने खुशी व्यक्त की।



गोहाना। नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए भूपेंद्र मुद्गिल।

### डॉ. बिजेंद्र मंडल महामंत्री, राजेंद्र बने कोषाध्यक्ष

**गोहाना।** गुरुवार को भाजपा गोहाना मंडल की बैठक गोहाना कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता गोहाना मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र मुदगिल ने की जिन्होंने मंडल की कार्यकारिणी में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की। भूपेंद्र मुद्गिल ने पार्टी शीर्ष नेतृत्व से विचारविमर्श करके डॉ. विजेंद्र खींची को मंडल महामंत्री, राजेंद्र मेहरा को कोषाध्यक्ष और खुशीराम को आईटी प्रमुख नियुक्त किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भाजपा पार्टी शीर्ष नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक और मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र मुदगिल का आभार व्यक्त किया। मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र मुद्गिल ने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाएं। इस अवसर पर मंडल महामंत्री प्रवीण कपूर, अनिता जिंदल, नरसिंह गोहाना, हरिमोहन, बबलू बाल्मिकी, सतबीर सिंह और बिजेंद्र सैनी आदि उपस्थित रहे।

---

कार्यक्रम — विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर पोस्टर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

*बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सन्नी ने प्रथम और, खुशबू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया*

# भागदौड़ भरी जीवन शैली के कारण बढ़ रहा तनाव व अवसाद : किरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

कन्या महाविद्यालय खरखौदा में प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के निर्देशन और इंचार्ज डॉ. किरण सरोहा के नेतृत्व में मनोविज्ञान विभाग द्वारा रीनू की देखरेख में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर एक पोस्टर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. किरण सरोहा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवन शैली के कारण हम निरंतर तनाव, कुंठा, अकेलेपन, अजनबीपन आदि समस्याओं का शिकार हो रहे हैं। इसी अवसाद के कारण मनुष्य जीवन में आने वाली समस्याओं का सामना नहीं कर पाता और आत्महत्या कर लेता है। चौंकाने वाली बात यह है कि आत्महत्याओं का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है। विश्व स्तर पर इन आत्म हत्याओं के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। ऐसे हताश, निराश लोगों को सामान्य जीवन जीने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विश्व स्तर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे लोगों में समस्याओं का सामना करने की हिम्मत पैदा हो सके। प्रतियोगिता में 30 छात्राओं ने भाग लिया। जिनमें में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सन्नी ने प्रथम स्थान, खुशबू ने द्वितीय स्थान और बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



### सरकार ने जारी किया ये आदेश

इस अवसर पर डॉ. किरण सरोहा के साथ डॉ. मधु ने छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टरों की प्रशंसा की। वहीं, दूसरी ओर महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर साप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान हिंदी मुहावरा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. प्रमिला और डॉ. विजयदीप द्वारा किया गया। छात्राओं को हिंदी में 10 मुहावरे लिखने के लिए दिए गए। साथ में मुहावरे का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्य में भी प्रयोग करने के लिए दिया। जिसमें 18 छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और अपने व्यावहारिक ज्ञान को मुहावरा लेखन कला के माध्यम से प्रदर्शित किया।

# मुठभेड़ः एसटीएफ टीम ने शार्प शूटर राहुल को किया गिरफ्तार

- पुलिस पर की फायरिंग, किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

एसटीएफ करनाल की टीम ने दीपक हत्याकांड में संलिप्त शार्प शूटर गांव गुढ़ा के राहुल को मुठभेड़ के बाद काबू कर लिया। एसटीएफ को राहुल के गोहाना में होने का इनपुट मिला था और वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। टीम जब उसे काबू करने रोहतक-पानीपत हाई-वे स्थित बड़ौता बाइपास के पास पहुंची तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और उसके पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे काबू कर लिया गया। बदमाश को भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल ले जाया गया। राहुल पानीपत के कुख्यात गैंगस्टर राकेश उर्फ पंपू गैंग से जुड़ा है। 27 फरवरी 2025 को सोनीपत के बहालगढ़ में गांव गुहणा के दीपक उर्फ भांजा की 14 गोली मारकर हत्या की थी। मंदीप को भी गर्दन में गोली लगी थी। मुरथल के मंदीप पर भी जानलेवा हमला किया गया था। इस वारदात में गांव गुढ़ा का राहुल संलिप्त था और गोलियां चलाने में सबसे आगे था। वह वारदात के बाद फरार चल रहा था। एसटीएफ करनाल की टीम को बुधवार रात को शार्प शूटर राहुल के गोहाना में रोहतक-पानीपत हाईवे स्थित बड़ौता बाईपास के पास होने का इनपुट मिला।

**सूचना**

मैं, अनिल पुत्र श्री जोगीराम निवासी मंडोरी तहसील खरखौदा, जिला सोनीपत अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरी पुत्री काजल जो कि शादीशुदा है और मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### आईएमटी परिसर में लगाए 200 पौधें

**खरखौदा।** आईएमटी स्थित उनो मिंडा लिमिटेड, खरखौदा संयंत्र में 200 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर वन विभाग का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस दौरान संयंत्र प्रमुख सुरेंद्र सिंह तथा संयंत्र मानव संसाधन प्रमुख विनय दहिया ने वन विभाग की टीम- रेंज अधिकारी पवन मलिक, खंड वन अधिकारी भगत सिंह, बीट अधिकारी नवीन, पंकज व नरेंद्र का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### गोहाना के गांव रभड़ा से 13 वर्षीय छात्र लापता

**गोहाना।** गांव रभड़ा से 13 साल का छात्र लापता हो गया। वह स्कूल जाने के लिए बस स्टाप पर गया। बस छूटने पर उसने बाइक वाले से लिफ्ट ली थी। सदर थाना में केस दर्ज किया गया। मोहन ने पुलिस को बताया कि उसके रिश्तेदार का लड़का नमन उनके साथ रहता है और यहीं पर पढ़ाई करता है। नौ सितंबर को सुबह नमन घर से स्कूल जाने के लिए निकला था। जब वह स्टाप पर गया तो बस जा चुकी थी। उसने किसी बाइक वाले को रुकवाया और उसके साथ बैठकर चला गया। वह शाम तक स्कूल से घर नहीं आया।

### संदिग्ध हालत में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र की शिवपुरी कॉलोनी में संदिग्ध हालत में युवक का शव फंदे से लटका हुआ मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्याऊ मनियारी निवासी नितेश (19) मेहनत मजदूरी का काम करता था। वह काफी दिनों से मानसिक परेशान चल रहा था। मानसिक परेशानी के चलते उसने फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामले को लेकर कुंडली थाना पुलिस को अवगत करवाया।

## सदस्यों ने संस्थान के अधिकारियों के साथ की बैठक, महत्वपूर्ण मुद्दों पर की चर्चा

# स्वास्थ्य एवं शिक्षा विषय समिति ने महिला मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं को जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

हरियाणा विधानसभा की स्वास्थ्य एवं शिक्षा विषय समिति ने गुरुवार को गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। समिति के चेयरमैन रामकुमार कश्यप के नेतृत्व में पहुंचे सदस्यों ने संस्थान के अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की तथा विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई और सुधार के लिए समयबद्ध निर्देश जारी किए गए। समिति ने सबसे पहले कॉन्फ्रेंस हॉल में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मरीजों एवं विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही सभी सुविधाओं की समीक्षा की गई। पीजीआई के निदेशक डॉ. जेसी दुरेजा ने समिति के समक्ष संस्थान की पूरी रूपरेखा प्रस्तुत की। निदेशक ने स्पष्ट किया कि बेसमेंट में स्थित होने के कारण सेंट्रल एसी प्रभावी रूप से कार्य नहीं कर पा रहा है, जिसके चलते अस्थायी एसी की व्यवस्था की गई है।



**गोहाना।** अस्पताल में मरीजों का हालचाल जानते हुए समिति के सदस्य।

### दैनिक ओपीडी 2300 मरीजों के पार

कॉलेज के अस्पताल में दैनिक ओपीडी 2300 मरीजों को पार कर चुकी है तथा आईपीडी में 80 तक पहुंच गई है। इस वर्ष 17, 200 सर्जरी एवं 3, 500 डिलीवरी हो चुकी हैं। एक्स-रे सहित सभी जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा प्रतिदिन 30 एमआरआई हो रही हैं। 90 प्रतिशत दवाएं संस्थान में उपलब्ध हैं।

### सरकार के समक्ष भेजी जाएंगी सिफारिशें

यह दौरा स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार के प्रति विधानसभा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। समिति की सिफारिशें राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत की जाएंगी। उन्होंने कहा कि बजट को लेकर भी कई काम समय-समय पर अटक जाते हैं इसको लेकर के भी सरकार को सिफारिश की जाएगी की समय पर मेडिकल कॉलेज को बजट उपलब्ध करवाया जाए।

### न्यूरो सर्जन रिक्तता पर रिपोर्ट मांगी

समिति ने ओपीडी काउंटर, ऑपरेशन थिएटर, लैब, क्लासरूम एवं अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया। कार्डियो एवं न्यूरो सर्जन पदों की रिक्तता पर रिपोर्ट मांगी गई। निदेशक ने बताया कि बार-बार विज्ञापनों के बावजूद योग्य चिकित्सकों की कमी बनी हुई है, जिससे मरीजों को रोहतक रेफर करना पड़ रहा है। हालांकि, रेफरल दर काफी कम है। इसके अलावा, बिजली की समस्या (अंडरग्राउंड तारों में शॉर्ट सर्किट), सडक़, स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज एवं अन्य रखरखाव मुद्दों पर भी चर्चा हुई। समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों ने रोहतक मेडिकल कॉलेज की तर्ज पर यहां इंजीनियरिंग विंग स्थापित करने का सुझाव दिया। मेडिकल एजुकेशन विभाग के निदेशक यशेंद्र सिंह ने बताया कि सभी मेडिकल कॉलेजों में इंजीनियरिंग विंग गठित करने हेतु पीडब्ल्यूडी विभाग से बातचीत चल रही है तथा शीघ्र ही इसका समाधान हो जाएगा। इंजीनियरिंग अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए कॉलेज परिसर में ही आवास उपलब्ध करवाए जाएंगे। समिति ने बिजली, सीवर, स्टॉर्म वॉटर, स्टाफ क्वार्टरों में सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए एक सप्ताह से छह माह तक की समयसीमा निर्धारित की। साथ ही, गोहाना से गन्नौर होते हुए खानपुर कलां मार्ग को शीघ्र निर्माण पूरा करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को दिए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर समिति के सदस्य विधायक इंदुराज नरवाल, विधायक रेनू बाला, विधायक रणधीर पनिहार, विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री, विधायक कृष्ण कुमार, विधायक हरिंदर सिंह, विधायक बलराम डांगी, विधायक देवेंद्र हंस, हरियाणा विधानसभा के अतिरिक्त सचिव नरीन दत्त, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के निदेशक यशेन्द्र सिंह, अतिरिक्त निदेशक विजय मलिक, एसडीएम गोहाना अंजलि श्रोत्रिय तथा नगराधीश डॉ0. अनमोल सहित संबंधित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री का ट्रक किया रवाना

# केन्द्र और हरियाणा सरकार बाढ़ पीड़ितों के लिए तत्पर : बड़ौली



**राई।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री से भरा एक ट्रक रवाना करते हुए ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने गुरुवार को सेक्टर-7 स्थित भाजपा कार्यालय से पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री से भरा एक ट्रक रवाना किया। यह ट्रक पंजाब के गुरदासपुर जिले में बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए भेजा गया है, जो हाल के दिनों में भारी बारिश और बाढ़ की चपेट में है। यह सोनीपत जिले से पंजाब के लिए रवाना किया गया तीसरा राहत ट्रक है। राहत सामग्री के ट्रक को हरी झंडी दिखाने के पश्चात उन्होंने कहा कि आज भेजे जा रहे ट्रक में राहत सामग्री में 500 फूड पैकेट शामिल हैं, जिनमें आटा, दाल, चावल, चीनी, हल्दी और अन्य आवश्यक राशन सामग्री शामिल है।

### भाजपा संगठन पीड़ितों के साथ खड़ा

मोहनलाल बडौली ने कहा कि केंद्र सरकार, हरियाणा सरकार और भाजपा संगठन बाढ़ पीड़ितों के साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा, यह संकट की घड़ी है, और हम सभी का कर्तव्य है कि हम प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करें। इस अवसर पर सोनीपत विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन, जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, आजाद नेहरा, नीरज ठरू जिला महामंत्री, तरुण देवी दास जिला महामंत्री, जाखौली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल, नवीन मंगला, बबीता दहिया, विकास कौशिक मंडल अध्यक्ष मुरथल, राजेश शांडिल्य कार्यालय प्रभारी, सुमित आंतिल जिला कार्यालय सह प्रभारी, सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# खेवड़ा के अक्षय ने राष्ट्रीय खेलों में जीता स्वर्ण, पार्षद ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

हरियाणा के सोनीपत जिले के खेवड़ा गांव के खिलाड़ी अक्षय अंतिल ने 14वें पैरा राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। त्यागी समाज हरियाणा ट्रस्ट के अध्यक्ष पुनीत राई ने अपने कार्यालय पर अक्षय का भव्य स्वागत किया। अक्षय ने बताया कि मध्यप्रदेश में 29-30 अगस्त को आयोजित प्रतियोगिता में अक्षय ने गोला फेंक में शानदार प्रदर्शन करते हुए 11.80 मीटर की थ्रो लगाई और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसी उपलब्धि के साथ अक्षय ने आगामी यूथ एशियन पैरा गेम्स 2025 के लिए क्वालीफाई भी कर लिया है। अक्षय अंतिल ने एएफ-37 कैटेगरी में गोला फेंक खिलाड़ी कोच हरमिंदर पाल सिंह घुमन के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

- गोला फेंक प्रतियोगिता में दिखाया शानदार प्रदर्शन



**राई।** त्यागी समाज हरियाणा ट्रस्ट के अध्यक्ष पुनीत राई अपने कार्यालय पर अक्षय का स्वागत करते हुए।

### *अब यूथ एशियन पैरा गेम्स पर निगाहें*

*कोच का कहना है कि अब सबकी निगाहें आगामी यूथ एशियन पैरा गेम्स 2025 पर टिकी हैं, जहां अक्षय से पदक की पूरी उम्मीद की जा रही है। इस अवसर पर प्रदीप आंतिल, रामप्रकाश कौशिक, सतपाल त्यागी, राकेश कौशिक, राजेश त्यागी, विकास, दीपक त्यागी, राकेश, सौरभ, प्रतीक, सुरेंद्र नंबरदार, नरेश पंचाल, रोहतास आंतिल, मोहित दहिया, प्रवेश शर्मा, भारत ढाका आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।*



### हिंदी पखवाड़ा के तहत विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित

**सोनीपत।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बीसवां मील में हिंदी पखवाड़ा के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में खंड स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में छात्रों ने स्वरचित कहानी, कविता गायन तथा व्याकरण प्रश्नोत्तरी में हिस्सा लिया। डाइट प्राचार्या रचना बाना की अध्यक्षता में हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर हिंदी व्याकरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सुशीला, मोनिका दहिया और कपिल देव ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

*25 सितंबर को रोहतक में निकाली जाएगी रैली*

# सुनैना चौटाला ने सम्मान दिवस रैली का दिया न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने वीरवार को गन्नौर के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को 25 सितंबर को रोहतक में होने वाली ताऊ देवीलाल सम्मान दिवस रैली में पहुंचने का निमंत्रण दिया। इस दौरान उन्होंने पबनेरा गांव में यमुना के उफान के कारण फसलों में हुए नुकसान का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि किसानों की फसलों को जलभराव से भारी नुकसान हुआ है, लेकिन सरकार ने अब तक सोनीपत जिले के लिए राहत पोर्टल तक नहीं खोला। किसानों को प्रति एकड़ 50 हजार रुपये मुआवजा मिलना चाहिए। सुनैना चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार की सभी योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं और किसी वर्ग को इसका लाभ नहीं मिल रहा। चौटाला ने दावा किया कि 25 सितंबर के बाद भाजपा की उलटी गिनती शुरू हो जाएगी।



**गन्नौर।** इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला पबनेरा के यमुना घाट पर हो रहे फसलों के नुकसान का जायजा लेती हुई।

### पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा पर साधा निशाना

इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नाम की घास भी माड़ी है और हुड्डा भाजपा की बी टीम बनकर काम कर रहे हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष कुणाल गहलावत, ब्लाकाध्यक्ष बिजेंद्र शेखपुरा, खेल प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुनील ढाका, नरसी कश्यप सहित अन्य मौजूद रहे।

### सेवा पखवाड़ों में लगेंगे रक्तदान शिविर : मलिक



**गोहाना।** गुरुवार को भाजपा जिला गोहाना के कार्यकर्ताओं की बैठक शहर में पार्टी कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने की।

जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक मनाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत जरूरी निर्देश दिए। उनके अनुसार इस सेवा पखवाड़े में रक्तदान शिविर, खेल प्रतियोगिताएं और स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस पखवाड़े में 17 सितम्बर को रक्तदान शिविर, 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस के अवसर पर मैराथन दौड़, 28 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम, 2 अक्तूबर को विजय दशमी के अवसर पर आरएसएस का स्थापना दिवस, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर महेंद्र चिड़ाना, जितेन्द्र शर्मा, बलराम कौशिक, नरेंद्र गहलावत, प्रदीप बड़वासनी, मुकेश रोहिल्ला, अमित बाल्मिकी, डॉ.राममेहर राठी, राजेश भावड़, जस्सी खुराना आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में उतारें

## विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी ने हिंदू गर्ल्स कॉलेज में मनाया विश्व बंधुत्व दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिंदू गर्ल्स कॉलेज में वीरवार को विवेकानन्द केंद्र कन्याकुमारी, सोनीपत शाखा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में 'विश्व बंधुत्व दिवस' मनाया गया। यह आयोजन स्वामी विवेकानन्द के शिकागो धर्मसभा में दिए गए ऐतिहासिक भाषण की स्मृति को समर्पित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ हुआ। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. विपाशा अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विवेकानन्द के विचार न केवल भारतीय संस्कृति के प्रतीक हैं, बल्कि संपूर्ण मानवता को जोड़ने वाले सूत्र भी हैं। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे विवेकानन्द के आदर्शों को जीवन में उतारकर समाज निर्माण में योगदान दें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वक्ता डॉ. पूर्णमल गौड़ ने कहा कि विवेकानन्द का जीवन युवाओं के लिए प्रकाशपुंज है और उनके विचारों से आत्मबल, कर्मशीलता व राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा मिलती है।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी छात्राओं के साथ केंद्र के पदाधिकारी साथ में अतिथिगण।

### छात्राओं ने दिखाई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

संजय भूटानी ने कहा कि विश्व बंधुत्व का उनका संदेश आज भी मानवता की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अनिल चुघ ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। कार्यक्रम में छात्राओं ने भाषण, कविता, गीत और नाटक के माध्यम से विवेकानन्द के जीवन-दर्शन को जीवंत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूनम सिहाग ने किया। अंत में उप प्राचार्या डॉ. अनीता गोयल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और शांतिपाठ के साथ हुआ।

### मोटरसाइकिल चोरी मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार, एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

**सोनीपत।** थाना बहालगढ़ पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान आशीष निवासी नजफगढ़, दिल्ली के रूप में हुई है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। थाना प्रभारी बहालगढ़ ने बताया कि 10 मई 2025 को जितेंद्र निवासी गांव छोटी गढ़ी (राजलू गढ़ी), सोनीपत ने शिकायत दी थी कि वह गांव खेवड़ा स्थित हिंदुस्तान कंपनी में ड्राइवर की नौकरी करता है। घटना के दिन वह अपनी मोटरसाइकिल लेकर कंपनी गया और उसे पार्किंग में खड़ा कर अंदर चला गया। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटा तो मोटरसाइकिल गायब थी। शिकायतकर्ता ने कंपनी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की, जिसमें दो अज्ञात युवक उसकी मोटरसाइकिल को उत्तर प्रदेश की ओर ले जाते हुए दिखाई दिए। इस पर थाना बहालगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने पहले ही घटना में शामिल एक अपचारी बालक को अभिरक्षा में लिया था और आरोपित पवन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आगे की जांच में जुटी पुलिस टीम ने अब तीसरे आरोपित आशीष को नजफगढ़, दिल्ली से दबोच लिया। पुलिस का कहना है कि रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से चोरी की मोटरसाइकिल की बरामदगी और अन्य वारदातों में उसकी संलिप्तता के बारे में पूछताछ की जाएगी। आरोपित एक दिन के पुलिस रिमांड पर चल रहा है।



**सोनीपत।** गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम के साथ।

**कार्यक्रम** | खेल विश्वविद्यालय के दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ समापन

*समारोह में विधायक कृष्णा गहलावत, निखिल मदान, भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने शिरकत की*

# विश्वविद्यालय केवल ज्ञान का केंद्र नहीं बल्कि चरित्र निर्माण की प्रयोगशाला : गहलावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

खेल विश्वविद्यालय के दीक्षारंभ कार्यक्रम का वीरवार को समापन हुआ । समारोह में राई की विधायक कृष्णा गहलावत, विधायक निखिल मदान , भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने शिरकत की। कार्यक्रम के समापन समारोह की शुरुआत विधायक कृष्णा गहलावत ने कुलपति अशोक कुमार व अन्य अतिथियों के सहयोग से दीप प्रज्वलित करके की । विधायक कृष्णा गहलावत ने संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में प्रवेश केवल शिक्षा नहीं, बल्कि नए संस्कारों की यात्रा है। उन्होंने युवाओं से गलत आदतों से दूर रहकर टीम भावना से खेलने और हरियाणा को खेलों में शीर्ष पर बनाए रखने का आह्वान किया। यह विश्वविद्यालय केवल ज्ञान का केंद्र नहीं बल्कि चरित्र निर्माण की प्रयोगशाला है जहां आप अपनी शारीरिक मानसिक और नैतिक अक्षमताओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे और आप जो प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे वह न केवल आपको बेहतर खिलाड़ी बनाएगा बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक और एक सच्चे कर्मयोगी के रूप में भी उबरकर आएगा। समारोह में डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. योगेश ने स्वागत भाषण दिया और रजिस्ट्रार जसविंदर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।





### खेल मेहनत देखते, आपका बैकग्राउंड नहीं : रानी

भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने कहा कि "खेल मेहनत मांगते हैं, आपका बैकग्राउंड नहीं देखते। अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनके पिता रिक्शा चलाते थे, लेकिन निरंतर अभ्यास और अनुशासन के बल पर उन्होंने लगभग 15 वर्षों तक देश का प्रतिनिधित्व किया। रानी ने छात्रों से मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर खेलों पर पूरा ध्यान केंद्रित करने और संतोषी रहने की प्रेरणा दी।

### खिलाड़ियों से देश का नाम रोशन करने का आग्रह

विधायक निखिल मदान ने कहा कि खिलाड़ी देश के लिए खेलते हैं, इसलिए ईमानदारी और निष्ठा आवश्यक है। कठिनाइयों को पार कर जब आप मेडल जीतते हैं, तो यह पूरे प्रदेश और देश के लिए गर्व का क्षण होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से समर्पित अभ्यास कर राज्य और देश का नाम रोशन करने का आग्रह किया। कुलपति अशोक कुमार ने कहा कि खेल विश्वविद्यालय ने मात्र 65 विद्यार्थियों से शुरुआत की थी और आज 700 से अधिक विद्यार्थियों के साथ देश में तीसरा स्थान प्राप्त कर रहा है।